# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## प्रेस निविदा सूचना सं. 55/एफ.ओ. टू सी.ई. (इलैक्ट्रिक)/2009–10

कार्यकारी अभियंता (इलैक्ट्रिक), इलैक्ट्रिकल डिविज़न नं. सीडब्ल्यूजी–1, डीडीए, यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली द्वारा डीडीए की ओर से खेल–कूद प्रकाश व्यवस्था के लिए फिलिप्स/ट्राईलक्स/डब्ल्यूईः ईएफ श्रेडर के मूल उत्पादकों या उनके अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटरों/डीलरों से योग्यता–पूर्व आवेदन पुनः आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्रम स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत<br>अग्रिम जमा राशि<br>निविदा मूल्य | समय अवधि | बिक्री की अंतिम तिथि<br>खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीडब्ल्यूजी-2010 के लिए यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रशिक्षण परिसरों को नयापन देने का काम (रीफर्बिशिंग) **एसएचः** यमुना एक्वैटिक एवं जिमनास्टिक्स के प्रशिक्षण केंद्रों की प्रकाश व्यवस्था का पी/आई **एनआईटी सं. 17 एसई (ई)/ईई (पी)/सीडब्ल्यूजी/2009–10 (लघु निविदा सूचना)** | रु. 22,65,067/-<br>रु. 45,301/-<br>रु. 500/- + 4% डी. वैट | 3 माह | 24.12.09<br>29.12.09 |

निविदा दस्तावेज़ लेने के लिए योग्यता के प्रमाण के तौर पर आवेदक निम्नलिखित दस्तावेज़ जमा करें :

1. अनुमोदित मेक के मूल उत्पादक सीधे आवेदन करें। उन्हें समापन प्रमाण पत्र–साल्वेंसी प्रमाण पत्र/वार्षिक कारोबार प्रमाण पत्र नहीं जमा करना है।

या

2. अनुमोदित मेक के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर, निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने वाले, आवेदन करने के योग्य हैं। संयुक्त उपक्रम स्वीकार्य नहीं है।

क) अनुमोदित मेक के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर मूल उत्पादकों से प्राप्त अधिकार पत्र (ऑथराइजेशन लेटर) की कॉपी जमा करेंगे। मूल उत्पादकों से प्राप्त यह अधिकार पत्र 30.09.2009 को 1 साल से कम अवधि का न हो। अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर को मूल उत्पादक से यह वचन लेना होगा और प्रस्तुत करना होगा कि वे (उत्पादक) कार्य के लिए डिज़ायन का विवरण प्रदान करेंगे और उनकी प्रयोगशालाओं/कारखानों में, जब जैसी जरूरत हो, जांच एवं परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराएंगे।

ख) अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर ने 30.09.2002 या उसके बाद इसी तरह के तीन कार्यों (प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत का 40%) या दो कार्यों (प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत का 60%) या एक कार्य (जिसकी लागत अनुमानित लागत का 80%) को संतोषजनक ढंग से पूरा किया हो।

**आवेदन के साथ कार्य समापन प्रमाण पत्र की एक स्वसत्यापित कॉपी भी जमा करनी होगी। यह प्रमाण पत्र केंद्र सरकार / राज्य सरकार / सरकारी उपक्रमों / स्वायत्त निकायों में न्यूनतम कार्यकारी अभियंता श्रेणी के अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।**

उपर्युक्त कार्यों के लिए योग्यता मानदंड के मद्देनजर किसी प्रतिष्ठान द्वारा कुछ समय पूर्व संपन्न कार्यों के परीक्षण के दौरान कार्य की लागत को लागत के वर्तमान स्तर पर लाने के लिए उसे 7% सालाना की दर से बढ़ा दिया जाएगा। (यह गणना कार्य समापन की वास्तविक तिथि से वर्तमान तिथि तक होगी और यह ब्याज चक्रवृद्धि नहीं होगा)

ग) अनुमानित लागत के 40% या उससे अधिक राशि के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक से प्राप्त साल्वेंसी सर्टिफिकेट भी देना होगा। **(केवल ऑथराइज्ड एसोसिएटेड के मामले में)**

घ) 31 मार्च 2009 को समाप्त अंतिम तीन वर्षों के दौरान औसत सालाना वित्तीय कारोबार अनुमानित लागत का 50%हो।

**आवेदन के साथ जमा किए गए सभी दस्तावेज़ केवल आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित हों और उन पर विधिवत् मुहरें लगी हों।**

**इसी तरह के कार्यों का अर्थ है खेल–कूद का एसआईटीसी/इंडोर/आउटडोर स्टेडियम या खेल परिसर की प्रकाश व्यवस्था।**

3. विभाग किसी संभावित आवेदन को कोई कारण दिए बिना अस्वीकार कर सकता है और योग्य ठेकेदारों की उतनी ही संख्या रख सकता है, जो उसके लिए उपयुक्त हो। उल्लिखित मानदंडों को पूरा करतीं बहुत अधिक संख्या में निविदाएं मिलने पर इस संख्या को सीमित किया जा सकता है।
4. प्रत्येक कार्य के लिए अनुमानित लागत के 40% या उससे अधिक राशि के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक से प्राप्त साल्वेंसी सर्टिफिकेट देना होगा।
5. कार्यकारी अभियंता (इलैक्ट्रि), इलैक्ट्रिकल डिविज़न, सीडब्ल्यूजी–1, डीडीए, यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली से निविदा दस्तावेज़ की बिक्री तिथि तक किसी कार्य दिवस में दिन के **11 बजे से शाम 3 बजे** तक निविदा दस्तावेज़ प्राप्त किए जा सकते हैं जिसके लिए निविदा दस्तावेज़ मूल्य (ऊपर दिया गया) **जोड़** 4% वैट (जो वापस नहीं होगा) का भुगतान आवश्यक होगा। साथ ही, फॉर्म–XI में वैध **डब्ल्यूसीटीसी** भी प्रस्तुत करना होगा।
6. अग्रिम जमा राशि का उल्लेख ऊपर कर दिया गया है। अग्रिम जमा राशि के रूप में नकद रसीद/ट्रेजरी चालान/किसी अनुसूचित बैंक के डिपॉजिट ऐट कॉल/किसी अनुसूचित बैंक का फिक्स्ड डिपॉजिट/ किसी अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा जो **लेखा अधिकारी, सीएयू (सीडब्ल्यूजी), डीडीए** के नाम जारी होगा।
7. निविदा को निम्न विवरण के अनुसार तीन लिफाफों में जमा करना होगा :

**लिफाफा 1 :** इसमें योग्यता मानदडों से संबंधित दस्तावेज़ होंगे।

**लिफाफा 2 :** इसमें तकनीकी निविदा होगी।

**लिफाफा 3 :** इसमें मूल्य निविदा होगी।

**लिफाफा 1** को निविदा खोलने की तिथि को **दोपहर 3.30 बजे** विकास मीनार, आई.पी. इस्टेट, नई दिल्ली में इच्छुक निविदाकर्ताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा। केवल योग्य एजेंसियों के **लिफाफा 2 एवं 3** खोले जाएंगे जिसकी सूचना संबंधित कार्यकारी अभियंता द्वारा अलग से सूचना दे दी जाएगी।

**''देखें डीडीए की वेबसाइट www.dda.org.in या डायल करें 39898911''**